# चतुर्थ अध्याय

## ४.१ प्रदत्त संग्रहण का विश्लेषण और व्याख्या

इसके अन्तर्गत स्वनिर्मित वक्तव्य का प्राप्त डाटा का विश्लेषण प्रतिशत में किया गया हैं तथा ६ प्राथमिक शिक्षकों का अनौपचारिक साक्षात्कार किया गया है, इसके अलावा इस अध्ययन में निष्ठा कार्यक्रम पर विकासखंड सोनकच्छ के प्राथमिक विद्यालय के २२ शिक्षकों की राय /मत के अध्ययन के संबंध में डेटा के लिए स्वयं विकसित उपकरण ओपिनियनायर का उपयोग करके डेटा गूगल फार्म के अनुसारएकत्रित किया गया है जो इस प्रकार है-

### ५.१.१ सेवारत प्राथमिक शिक्षकों के साथ अनौपचारिक व्यक्तिगत साक्षात्कार एवम् उनकी विश्लेषित व्याख्या

अनुदेशः-

प्रदान की गई सभी जानकारी को गोपनीय रखा जाएगा और केवलशोध के उद्देश्य के लिए उपयोग किया जाएगा।

१. शिक्षक का नाम :- श्री मति अलका वैद्य

योग्यता:- एम ए हिंदी (भाषा शिक्षण)

आयु:- ५६

पदः- प्राथमिक शिक्षक

स्कूलः- यू ई जी एस मालीपुरा सांवेर, सोनकच्छ

प्र.१ निष्ठा कार्यक्रम के बारे में आप क्या जानतेहैं?

उ.१ हां निष्ठा कार्यक्रम प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण के बारे मे शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम हैं जो कि हमे प्रशिक्षित करता है शिक्षाविदो के निर्देशन में। पहले कोरोना के पहले यह आमने सामने पद्धति से संचालित होता था परन्तु २०२० अक्टूबर से यह दीक्षा ऐप के माध्यम से ऑनलाइनरुप में संचालित हो रहा हैं।

प्र.२ क्या आपने निष्ठा कार्यक्रम में उल्लिखित सभीमॉड्यूल पूरे कर लिए हैं?

उ.२ हां अन्तिम मॉड्यूल करने में थोडी समस्या का सामना करना पड़ा परन्तु मेरी बेटी ने मुझे दीक्षा ऐप को चलाना सिखाया तब मुझे समस्या नहीं हुई।

प्र.३ क्या आप निष्ठा कार्यक्रम को पूरा करने के बादअपनी शिक्षण सीखने की प्रक्रिया में कोई बदलाव देखतेहैं?

उ.३ एक दम तो नहीं कह सकती मगर हां इससे मुझे ऐप चलाना, फ़ाइल डाउनलोड करना इत्यादि सीखना आ गया इसके अलावा तकनीकी समझ भी पहले से बेहतर हुई है, तो मैं कह सकती हूं कि हां मेरा तकनीकी ज्ञान जो की इस दौरान सबसे महत्तवपूर्ण है का विकास जरूर हुआ।

प्र.४ ऑनलाइन तथा आमने सामने मोड निष्ठा कार्यक्रमके दौरान आपको कौन सा प्रशिक्षण ज्यादा सहज लगता है?

उ.४ सामान्यतः दोनों ही आवश्यक हैं परन्तु इस बीमारी के कारण ऑनलाइन से हम सभी शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम से लगातार जुड़े रहे जो की एक सकारात्मक पहल है तथा ज्यादा सुविधाजनक भी है, जबकि आमने सामने में हमे नोट करना पड़ता था सम्बंधित डाइट में जाकर प्रशिक्षण लेना पड़ता था और यह कभी कभी परेशान करने वाला काम भी लगता था परन्तु उसकी आदत हो गई थी। सच कहुं तो उससे बेहतर ऑनलाइन है घर बैठे बैठे सारा काम फोन में ही हो जाता हैं तो समय और पैसा दोनो बच जाता है।

प्र.५ ऑनलाइन प्रशिक्षण लेते समय मोबाइल फोन पर प्राप्तनिर्देशों को समझने में आपको कोई कठिनाई होती है?

उ.५ हां शुरूआत में हुई जैसे भाषा बदलने सम्बंधित, पोर्टल पर लॉगिन सम्बंधित, पाठयक्रम डाउनलोड करने आदि में फिर बिटिया की मदद से मैंने सिख लिया और बाद में फिरमैं स्वयं करने लगी।

२. शिक्षक का नाम :- श्री शिवचरण अंगोरिया

योग्यताः- एम ए संस्कृत (भाषा शिक्षण)

आयुः- ५२

पदः- प्राथमिक शिक्षक

स्कूलः- शा उन्नत प्रा वि कराडिया कॉलोनी, सोनकच्छ

प्र.१ निष्ठा कार्यक्रम के बारे में आप क्या जानतेहैं?

उ.१ हां निष्ठा कार्यक्रम प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण के बारे मे वर्ष २०२० अक्टूबर कोरोना के चलते यह दीक्षा ऐप के माध्यम से ऑनलाइन रुप में संचालित हो रहा था।

प्र.२ क्या आपने निष्ठा कार्यक्रम में उल्लिखित सभीमॉड्यूल पूरे कर लिए हैं?

उ.२ हां ।

प्र.३ क्या आप निष्ठा कार्यक्रम को पूरा करने के बादअपनी शिक्षण सीखने की प्रक्रिया में कोई बदलाव देखतेहैं?

उ.३ मुझे ऐप ऑपरेट करते नही आता था परन्तु मेरे छोटे बेटे के माध्यम से मैंने यह सीखा, फ़ाइल डाउनलोड करना इत्यादि सीखना आ गया इसके अलावा तकनीकी समझ बडी है, तो इस दौरान सबसे महत्तवपूर्ण यह रहा की है मेरा तकनीकी को लेकर समझ का विकास जरूर हुआ।

प्र.४ ऑनलाइन तथा आमने सामने मोड निष्ठा कार्यक्रमके दौरान आपको कौन सा प्रशिक्षण ज्यादा सहज लगता है?

उ.४ ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुझे कई समस्याओं का सामना करना पड़ा है परन्तु घर बैठे बैठे सारा काम फोन में ही हो जाता हैं तो समय और पैसा दोनो बच जाता है। लेकिन व्यक्तिगत तौर पर कहूं तो मुझे आमने सामने शिक्षक प्रशिक्षण सहज लगता है।

प्र.५ ऑनलाइन प्रशिक्षण लेते समय मोबाइल फोन पर प्राप्तनिर्देशों को समझने में आपको कोई कठिनाई होती है?

उ.५ हां शुरूआत में हुई जैसे भाषा बदलने सम्बंधित, पोर्टल पर लॉगिन सम्बंधित, पाठयक्रम डाउनलोड करने, प्राप्त वीडियो को पूरा करने के बाद भी उसी वीडियो को बार बार देखना क्योंकि वह आगे नहीं बड़ता था क्योंकि मोबाइल नेटवर्क की समस्या ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा रहती है तो समस्या हुईं फिर खीझ लगती थी यही सब समस्या आदि हुई फिर बेटे की मदद से मैंने सीखने की कोशिश की और बादमें फिर सहज लगने लगा।

३. शिक्षक का नाम :- राजश्री राठौर

योग्यता:- एम ए डी एड

आयु:- ३८

पद:- प्राथमिक शिक्षक

स्कूल:- प्राथमिक शाला दौलतपुर, सोनकच्छ

प्र.१ निष्ठा कार्यक्रम के बारे में आप क्या जानतेहैं?

उ.१ हां निष्ठा कार्यक्रम प्राथमिक शिक्षकों का सर्वांगीण शिक्षा विकास करता है। जिसमें हमे प्रशिक्षित किया जाता हैं विभिन्न विधि तथा प्रविधि द्वारा यह बहुत रुचिकर तथाबहुत कुछ सीखाने वाली ट्रेनिंग हैं।

प्र.२ क्या आपने निष्ठा कार्यक्रम में उल्लिखित सभीमॉड्यूल पूरे कर लिए हैं?

उ.२ जी हां !

प्र.३ क्या आप निष्ठा कार्यक्रम को पूरा करने के बादअपनी शिक्षण सीखने की प्रक्रिया में कोई बदलाव देखतेहैं?

उ.३ हां मेरी तकनीकी शिक्षा में वृद्धि हुई साथ ही जो काम मैं सोचाकरती थी की यह सिर्फ कंप्यूटर या लैपटॉप से ही हो सकता है। ऐसी मेरी धारणा पूरी तरह से बदल गई है अब मैंवो सारे काम फोन पर भी आसानी से कर सकती हूं।

प्र.४ ऑनलाइन तथा आमने सामने मोड निष्ठा कार्यक्रमके दौरान आपको कौन सा प्रशिक्षण ज्यादा सहज लगता है?

उ.४ दोनों में मुझे सीखने को मिला अर्थात मैं कह सकती हूं की दोनो प्रकार के प्रशिक्षण मेरे लिए सहज ही है। इसके साथ ही ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुझे किसी भी प्रकार की कोई समस्या का सामना नहीं करना पड़ा मैंने अपनी रुचि से इस कार्यक्रम को पुर्ण किया ।

प्र.५ ऑनलाइन प्रशिक्षण लेते समय मोबाइल फोन पर प्राप्तनिर्देशों को समझने में आपको कोई कठिनाई होती है?

उ.५ नहीं मुझे ऑनलाइन प्रशिक्षण लेते समय फोन पर प्राप्तदिशा निर्देशों को समझने में कोई समस्या नहीं हुई।

४. शिक्षक का नाम :- श्री पूर्णानंद शास्त्री

योग्यता:- एम ए

आयु:- ६२

पद:- प्रधानाध्यापक

स्कूल:- शासकीय माध्यमिक शाला दौलतपुर, सोनकच्छ

प्र.१ निष्ठा कार्यक्रम के बारे में आप क्या जानतेहैं?

उ.१ हां यह एक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम है।

प्र.२ क्या आपने निष्ठा कार्यक्रम में उल्लिखित सभीमॉड्यूल पूरे कर लिए हैं?

उ.२ हां कर लिए ।

प्र.३ क्या आप निष्ठा कार्यक्रम को पूरा करने के बादअपनी शिक्षण सीखने की प्रक्रिया में कोई बदलाव देखतेहैं?

उ.३ बदलाव क्या देखना इसमें नया जमाना नई चीज उसके हिसाबसे जो भी है अनुरूप ढलना ही शिक्षक का काम है।

प्र.४ ऑनलाइन तथा आमने सामने मोड निष्ठा कार्यक्रमके दौरान आपको कौन सा प्रशिक्षण ज्यादा सहज लगता है?

उ.४ मुझे आमने सामने शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सहज लगता हैं। ये ऑनलाइन फॉनलाइन समझने की अब मेरी उमर नहीं रही, ये सब तो तुम सब नौजवानों के लिए ही सहज है हम पुराने चावल है हमे वही पसंद है और हम उसी में सहज हो पाते हैं..! हसते हुऐ!

प्र.५ ऑनलाइन प्रशिक्षण लेते समय मोबाइल फोन पर प्राप्तनिर्देशों को समझने में आपको कोई कठिनाई होती है?

उ.५ अरे बेटा बहुत समस्या हुई, मोबाईल में टावर ही नी मिलते थे। वीडियो बीच बीच मे रुका है तो फिर रुका ही है इसके बाद मैने तो साथी शिक्षकों की मदद से यह प्रशिक्षणपूरा किया।

५. शिक्षक का नाम :- श्री मति वंदना गहरवाल

योग्यता:- एम ए अंग्रेजी

आयु:- ३०

पद:- प्राथमिक शिक्षक

स्कूल:- शासकीय प्राथमिक शाला अमलापनी, नरसुल्लागंज

प्र.१ निष्ठा कार्यक्रम के बारे में आप क्या जानतेहैं?

उ.१ हां निष्ठा कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष २०१९ में ऑफलाइन मोड में शुरू किया गया था जो कि प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षक प्रशिक्षण के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके अलावा अभी इस आपातकाल में पिछले वर्ष २०२० से इसके पूरे देश में ऑनलाइन मोड पर चालू कर दिया गया जिससेहर शिक्षक इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ ले सकें।

प्र.२ क्या आपने निष्ठा कार्यक्रम में उल्लिखित सभीमॉड्यूल पूरे कर लिए हैं?

उ.२ जी कर लिए।

प्र.३ क्या आप निष्ठा कार्यक्रम को पूरा करने के बादअपनी शिक्षण सीखने की प्रक्रिया में कोई बदलाव देखतेहैं?

उ.३ जी हां ! स्वाभाविक सी बात है इससे बहुत कुछ नया सीखने को मिला और सबसे जरूरी आज की अवश्यकता के अनुसार आईसीटी इंफ्रास्ट्रक्चर की शुरूआत इस कार्यक्रम से हो गई है। मुझे आईसीटी शिक्षण के बारे और बहुत कुछ जानने तथा समझने को मिला।

प्र.४ ऑनलाइन तथा आमने सामने मोड निष्ठा कार्यक्रमके दौरान आपको कौन सा प्रशिक्षण ज्यादा सहज लगता है?

उ.४ दोनों ही प्रकार का प्रशिक्षण शिक्षक के लिए आवश्यक हैं परन्तु परिस्थिती की मांग है इसके अनुसार हम सब ढालते रहते है अपने आप को । तो मेरे हिसाब से दोनों ही कार्यक्रम मेरे लिए सहज ही है। मगर ऑनलाइन प्रशिक्षण काफी एक्साइटिंग रहा और इसे करने से बहुत सारी नई नई चीज़ें सीखने को मिली इसलिए ऑनलाइन में मेरी सहजता ज्यादा है क्योंकि मुझे घर पति और बच्चा भी संभालना पड़ता हैं तो सारा काम घर से ही हो जाता हैं तो किसे असहजता होगी।

प्र.५ ऑनलाइन प्रशिक्षण लेते समय मोबाइल फोन पर प्राप्तनिर्देशों को समझने में आपको कोई कठिनाई होती है?

उ.५ नहीं मुझे ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरानकोई कठीनाई अथवा समस्या नहीं हुई।

६. शिक्षक का नाम :- श्री भूपेन्द्र कुमार

योग्यता:- एम ए इंग्लिश डीएड बीएड

आयु:- ३६

पद:- प्राथमिक शिक्षक

स्कूल:- जीपीएस घुटवानी, नरसुल्लागंज

प्र.१ निष्ठा कार्यक्रम के बारे में आप क्या जानतेहैं?

उ.१ निष्ठा कार्यक्रम कोवीड १९ की वजह से शिक्षा की टूटी कमर की मरम्मत करने का काम कर रही है। इसके अलावा बच्चो तथा शिक्षकों को मानसिक तनाव से दूर करने का काम करता है। जैसे भाषा समझ भाषा कौशल का विकास इत्यादि ।

प्र.२ क्या आपने निष्ठा कार्यक्रम में उल्लिखित सभीमॉड्यूल पूरे कर लिए हैं?

उ.२ हां पूरे कंपलीट है !

प्र.३ क्या आप निष्ठा कार्यक्रम को पूरा करने के बादअपनी शिक्षण सीखने की प्रक्रिया में कोई बदलाव देखतेहैं?

उ.३ हां बहुत कुछ बदलाव आया है। नई नई गतिविधि का सांविलियन करके आईसीटी का उपयोग कर उचित और सही शिक्षा देकर स्वयं के साथ साथ बच्चों का भी मानसिक विकास करा सकते है । इसके साथ ही आईसीटी के बारे में और नया ज्ञान प्राप्त हुआ।

प्र.४ ऑनलाइन तथा आमने सामने मोड निष्ठा कार्यक्रमके दौरान आपको कौन सा प्रशिक्षण ज्यादा सहज लगता है?

उ.४ दोनों मोड सहज हैं।

प्र.५ ऑनलाइन प्रशिक्षण लेते समय मोबाइल फोन पर प्राप्तनिर्देशों को समझने में आपको कोई समस्या हुई है?

उ.५ नहीं मुझे इस प्रशिक्षण के दौरान कोई समस्या नहींहुई।

यहां हमने देखा कि ६ अलग अलग शिक्षकों द्वारा लगभग समान बातें कही गई है, परन्तु यहां एक बात नजर अंदाज नहीं की जा सकती हैं की इन शिक्षकों द्वारा अपनी परिस्थितनुसार अपने अनुभव साझा किए । साक्षात्कार लेने के पहले ही मैने यह निर्णय लिया था की ३ महिला तथा ३ पुरुष शिक्षकों का अनौपचारिक बातचीत के जरिए इनके निष्ठा के अनुभव अथवा मत जानना है।

अन्ततः मैने पाया की जो शिक्षक पुराने हो चुके हैं उन्हें इस ऑनलाइन कार्यक्रम से उतनी सहजता नहीं है जबकि इसके विपरित जो शिक्षक नए भर्ती होकर आएं हुए हैं उन्हें इस ऑनलाइन कार्यक्रम से बहुत सहजता है। अर्थात सभी को इस

शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी और समझ तो है परंतु कही न कही इस कार्यक्रम का तथ्यात्मक पहलू उनके समझ से थोड़ा परे हैं।

इस साक्षात्कार में शिक्षकों ने कुछ अपनी लाचारी बताई तो कुछ अपनी रुचि, और सबसे महत्तवपूर्ण बात इस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम की सार्थकता को लेकर तो वह पुर्णहो रही है।

शिक्षकों को नई तकनीकी सीखने को मिल रहे है, उनके शिक्षण कौशल का विकास हो रहा है, विधी प्रविधि आधारित नए आयामों से लेस पाठ्यक्रम से फलीभूत होते हुए शिक्षकों को मानसिक रूप से अधिगमन में सहायता प्रदान हो रही है। जो की निष्ठा के उद्देश्यों में छुपा हुआ है।

एक शिक्षक का सर्वांगीण विकास तो नही कहा जा सकता परंतु इस आपातकालीन परिस्थिति में निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को सतत रूप से प्रशिक्षित करता रहा हैं और इसके कारण शिक्षकों का मानसिक तनाव, आईसीटी की समझ, विषय के बारे में नया शिक्षाशास्त्र, पढ़ने पढ़ाने के नए तरीके (आईसीटी अभिविन्यासित) आदि सीखने को मिले ।


कहीं कहीं कुछ समस्या भी सामने आई जैसे मोबाइल नेटवर्क की समस्या, प्रदत्त पाठ्यक्रम की उपलब्ध्दता में कही न कहीं शिक्षकों को समस्या का सामना करना पड़ा जैसे एक ही वीडियो बार बार चलते रहना तथा उससे आगे ऐप का आगे न बढ़ना । प्रमाणपत्र डाउनलोड करने में समस्या एकाग्रतासम्बंधी समस्या आदि।

### ३.५.२ स्वनिर्मित वक्तव्य का विश्लेषण

प्राप्त प्रदत्तों का विश्लेषण तथा व्याख्या निर्धारित उद्देश्यों के आधार किया गया है । प्राप्त प्रदत्तों का विश्लेषण तथा व्याख्या निर्धारित उपकरण के आधार किया गया है ।जिसके अन्तर्गत परिणाम गूगल फॉर्म के द्वारा प्रतिशत में निम्न प्रकार से प्राप्त हुए हैं-

1. ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण के ऑनलाइन उन्मुखीकरण जैसे जूम मीटिंग की प्राप्त लिंक से जुड़ने में परेशानी हुई ?


22 responses




निष्कर्ष प्रतिशत में यह निकलता है कि 72.7% शिक्षकों को प्राप्त लिंक से जुड़ने में कोई समस्या नहीं होती हैं परन्तु 27.3% शिक्षकों को प्राप्त लिंक से जुड़ने में समस्या हुई हैं।

2. क्या आपको दीक्षा ऐप का उपयोग करने में कोई कठिनाई हुई है?


22 responses




इसमें 77.3% शिक्षकों को कठिनाई नहीं हुई परन्तु 22.7% शिक्षकों को दीक्षा एप्लीकेशन के उपयोग में कठिनाई हुई।

3. क्या आप ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण के दौरान घर/बाहर अन्य कार्य में संलग्न रहते हैं?


22 responses




अन्य कार्यों में संलग्नता पर 31.8% शिक्षकों द्वारा अपनी राय में संलग्नता की हामी भरी गई है इसके अलावा 68.2% शिक्षकों द्वारा इसे नकारा गया है।

4. क्या आपको दीक्षा ऐप के बारे में जानकारी है?


22 responses




प्रश्न क्रमांक ४, में शिक्षकों ने 100% अपनी सहमत राय दी जिससे प्राप्त विश्लेषण में यह बात सामने आती हैं की शिक्षकों को दीक्षा एप्लीकेशन की जानकारी हैं।

5. क्या आप ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण में उल्लिखित सभी मॉड्यूल को पूरा कर पाते हैं ?


22 responses




प्रश्न क्रमांक ५ में शिक्षकों ने 100% अपनी सहमत राय दी जिससे प्राप्त विश्लेषण में यह बात सामने आती हैं की शिक्षक मॉड्यूल पूरा कर पाते हैं।

6. क्या आपको ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण के दौरान मोबाइल नेटवर्क में समस्या हुई है?


22 responses




प्रश्न क्रमांक ६ से यह विश्लेषण किया जा सकता है की 54.5% प्रशिक्षुकों को मोबाईल नेटवर्क में समस्या हुई तथा 45.5% प्रशिक्षुको को समस्या नहीं हुई।

7. क्या आप ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण के पश्चात् शिक्षण अधिगम में आकलन की नई प्रवृत्तियों का उपयोग करते हैं?


22 responses




ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण के पश्चात्शिक्षण में आंकलन की नईप्रवृत्तियों का 100% उपयोग करते है

8. क्या ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण अधिक सुविधाजनक लगता है ?


22 responses




प्रश्न क्रमांक ८ में प्रशिक्षुओं द्वारा एक मिश्रित डाटा सामने आया जहां ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रशिक्षण में लगभग 90 प्रतिशत तक अपनी सहमत राय दी गई है।

9. क्या आमने-सामने प्रशिक्षण अधिक सुविधाजनक है?


22 responses




प्रश्न क्रमांक ९ में प्रशिक्षुओं द्वारा एक मिश्रित डाटा सामने आया जहां आमने सामने प्रशिक्षण में लगभग 95 प्रतिशत तक अपनी सहमत राय दी गई है।

10. क्या आपको लगता है कि ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण के माध्यम से आपकी तकनीकी सोच विकसित हुई है?


22 responses




इसमें सभी 100% शिक्षकतकनीकी सोच समझ के विकसित होने पर सहमत हैं।

11. क्या आप ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात् अपने शैक्षणिक विषय के बारे में नई रणनीति बनाने में सक्षम हैं?


22 responses




इस प्रश्न में 100% शिक्षक ऑनलाइनप्रशिक्षणपूर्ण करने के पश्चात्अपने शैक्षणिक विषयके बारे में नई रणनीति बनाने में सक्षम है ।

12. क्या ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण संसाधनों तक पहुँच प्रदान कर रहा है?


22 responses




ऑनलाइन निष्ठाप्रशिक्षण गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण तक पहुंच 95.5%शिक्षकोंकोप्रदान करता है बाकि 4.5 %शिक्षकोंको नहीं प्रदान करता है।

13. क्या ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण शिक्षकों के संदर्भ में संसाधनों का सशक्तिकरण कर रहा है?


22 responses




ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण 95% शिक्षकों के संदर्भ में संसाधनों का सशक्तिकरण कर रहा है तथा 5% को नहीं।

14. क्या ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण आई.सी.टी. एकीकृत शिक्षण अधिगम परिणामों में सुधार कर रहा है?


22 responses




ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण आई.सी.टी. एकीकृत शिक्षण अधिगम परिणामों में 100% सुधार कर रहा है।

15. क्या ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण गतिविधि आधारित शिक्षण अधिगम सीखने के परिणामों को बढ़ाता है?


22 responses




ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण गतिविधि आधारित शिक्षण अधिगम सीखने के परिणामों 100% को बढ़ाता है में सहमत है।

16. क्या आपको लगता है कि ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण संस्थानों को शिक्षण संगठन में बदलने में सहायक है ?


22 responses




ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण संस्थानों को शिक्षण संगठ्न में बदलने में सहायक है में 81.8 अपनी सहमति देते है तथा 18.2 अपनी असहमतिदेते है।

17. प्रशिक्षण के दौरान आपकी अन्य कार्यों में संलग्नता, प्रशिक्षण के प्रति एकाग्रता को कम करती हैं ?


22 responses




प्रश्न १७ से प्राप्त राय के अनुसार लगभग 41% को एकाग्रता से सम्बन्धित समस्या हुई हैं शेष 59% को इसमें समस्या नहीं हुई हैं।

18. क्या ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण में प्रदान की गई पाठ्यक्रम सामग्री पर्याप्त हैं?


22 responses




ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण में प्रदान की गई पाठ्यक्रम सामग्री पर्याप्त हैं में 86.4% सहमत है तथा 13.6% असहमत है।

19. क्या ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण में प्रदान की गई पाठ्यक्रम सामग्री सीमित हैं?


22 responses




ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण में प्रदान की गई पाठ्यक्रम सामग्री पर्याप्त हैं में 86.4% सहमत है तथा 13.6% असहमत है।

20. क्या ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण सहभागी दृष्टिकोण सक्रियता से सीखने का वातावरण बनाता है ?


22 responses




ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण सहभागी दृष्टिकोण सक्रियता से सीखने का वातावरण बनाता है में 90.9% सहमतहै तथा 9.1% सहमत है।

21. क्या शिक्षार्थी केंद्र शिक्षाशास्त्र पर आधारित पाठ्यक्रम मॉड्यूल दिए गए हैं?


22 responses




शिक्षार्थी केंद्र शिक्षाशास्त्र पर आधारित पाठ्यक्रम मॉड्यूल दिए गए हैं में सभी अपनी 100% सहमति दर्ज कराते है।

22. क्या आपको ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण लेते समय मोबाइल फोन पर प्राप्त निर्देशों को समझने में कोई असुविधा होती है?


22 responses




आपको ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण लेते समय मोबाइल फोन पर प्राप्त निर्देशों को समझने में कोई असुविधा होती है प्रश्न पर 18.2% को असुविधा होती है तथा 81.8% शिक्षकों को कोई असुविधा नहीं होती है।

23. ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण के दौरान आपको प्रद्दत शैक्षिक सामग्री (वीडियो, पीडीएफ आदि) को समझने में असुविधा होती हैं?


22 responses




प्रश्न क्रमांक २३. ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण के दौरान आपको प्रद्दत शैक्षिक सामग्री (वीडियो, पीडीएफ आदि) को समझने में असुविधा होती हैं? इसमे 36.4% शिक्षकों को शैक्षिक सामग्री समझने में असुविधा हुई है।

24. ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण आपको अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने में सहायक है

22 responses




ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण आपको अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने में 100 सहायक है में शिक्षकोंने अपनीसहमति प्रदान की हैं।

### ४.२ निष्कर्ष

डेटा की व्याख्या और विश्लेषण के बाद, शोधकर्ता इस महामारी में ऑनलाइन निष्ठा कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के व्यवहार और उनकी सीखने की शैली, तकनीकी शिक्षा पर उनके चुनौतीपूर्ण कार्य और अन्य योजना उन्मुख उद्देश्यों को देख और समझ सकते हैं तथा संभावित परिवर्तन अथवा बदलावकर सकते हैं ।

इसके पूर्ण होने पर शिक्षकों के व्यवहार में उनकी राय का अध्ययन कर यह जानने को मिलता है की यह नए युग की शिक्षण प्रशिक्षण शैली शिक्षकों में प्रचिलत हो चुकी है तथा उन्होंने इस शिक्षण प्रशिक्षण शैली को आत्मसात् करने का प्रयास किया है तथा निष्ठा के अपेक्षित उद्देश्यों की प्रतिपूर्ति भी की है। डेटा की व्याख्या और विश्लेषण के बाद, इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राथमिक शिक्षकों के लिए उपयोगी यथा सीखने वाला सिद्ध होता हैं, इसके साथ ही इसमें शामिल होने से लेकर पाठयक्रम को समझाना, मोबाईल फोन नेटवर्क तथा दीक्षा ऐप में वीडियो सामग्री का रुक रुक के चलना आदि सम्बंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अपेक्षित सहयोग निष्ठा कार्यक्रम कि कुछ कमियों अथवा कहें इस देशव्यापी कार्यक्रमपर प्रश्न चिन्ह उठाता है ?

प्राप्त डाटा से यह निष्कर्ष निकालता है की इस महामारी में ऑनलाइन निष्ठा कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के व्यवहार और उनकी सीखने की शैली, तकनीकी शिक्षा पर उनके चुनौतीपूर्ण कार्य और अन्य ज्ञान उन्मुख उद्देश्यों को सावधानी पूर्वक पूर्ण कर संभावित परिवर्तन कर सकते हैं । इसके साथ ही अपेक्षित दोनो उद्देश्य की प्राप्ति होती है जिसके अनुसार शिक्षकों की निष्ठा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे मे पर्याप्त संभावित सूचना हैं । दूसरे उद्देश्य के अनुसार एकत्रित आंकड़ों के अध्ययन से ज्ञात होता हैं की शिक्षकों को हुई समस्या में सुधार की अवश्यकता है । इसके साथ ही शोध प्रश्नों की सार्थकता को भी यह शोध सिद्ध करता हैजैसे की

विकासखंड सोनकच्छ में संचालित ऑनलाइन निष्ठा कार्यक्रम के बारे में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों की राय से क्या तात्पर्य है?

दीक्षा एप्लीकेशन के माध्यम से प्रदत्त ऑनलाइन प्रशिक्षणलेते हुए शिक्षकों को हुई समस्या पर आपकी क्या रायहै ?

आमने-सामने और ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे मेआपकी क्या राय है?

इन तीनो शोध प्रश्नों पर आधारित उत्तर हम प्राप्त करचूकें है।

### ४.३ सुझाव

- शिक्षकों को दीक्षा एप्लीकेशन को सुगमता से उपयोग करनासीखना।
- अन्य कार्यों में शिक्षकों की संलग्रता को समझ कर प्रोत्साहितकरना।
- शिक्षकों में तकनीकी शिक्षा का आधारभूत उन्मुखीकरण।
- मोबाईल नेटवर्क की समस्या हेतू अपेक्षित उपाय तथा सहयोग।

### ४.५ उपसंहार

इस कार्यक्रम को पूर्ण करने के पश्चात शिक्षक विविध स्थितियों को संभालने में सक्षम होंगे और प्रथम स्तर के काउंसलर के रूप में कार्य कर सकेंगे। यह मूलभाव इस निष्ठा प्रशिक्षण कार्यक्रम का है साथ शिक्षकों को उनके बौद्धिक,तार्किक,आईसीटी आदि से संबंधित नए नए विधाओं से परिचय जिसकी सहायता से शिक्षक अपने शिक्षण कौशल को और अधिक प्रभावी रूप से कक्षा में प्रस्तुत कर सके। कहीं कहीं इस कार्यक्रम के कुछ नकारात्मक पहलू जो शिक्षकों की राय अनुसार है सामने आते है तो कहीं कहीं इस कार्यक्रम के बाबत शिक्षक कौशल पर सवाल खड़े होते प्रतीत हो रहे है। जैसे की ऑनलाइन निष्ठा कार्यक्रम को लेकर शिक्षकों समझ में कमतरता इसके पीछे कारण है की शिक्षकों की आईसीटी की बुनियादी समझ में कमी तथा कुछ मामलों में नेटवर्क की समस्या देखने को मिली जिनमें सुधार की गुंजाइश है।

एक नया पहलू सामने आता है जिसमे अलग अलग ६ शिक्षकों जिनमे ३ नई भर्ती के शिक्षक है तथा ३ पुरानी भर्ती के अनुभवीं शिक्षक है का साक्षात्कार यह सिद्ध करता है की नई पीढ़ी आईसीटी पर आधारित इस प्रशिक्षण को आत्मसात् करने में आसानी हुईं। वहीं पुरानी भर्ती के अनुभवीं शिक्षकों की राय के अनुसार उन्हें इस नई शिक्षक प्रशिक्षण प्रणाली को आत्मसात् करने में असहजता का अनुभव हुआ। और यह असहजता और भी कई अनुभवी पुरानी भर्ती के शिक्षकों को सम्भवतः हुई होगी।

शोध में ज्ञात आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता हैं की निष्ठा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राथमिक एवम् माध्यमिक शिक्षकों के लिए एक अभूतपूर्व पहल है। जिसमे २२ शिक्षकों की निष्ठा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम पर राय अथवा मत जाना तथा प्राप्त मतों से यह स्पष्ट है की इस कार्यक्रम से शिक्षकों को लाभ मिल रहा हैं तथा वें नवाचार को आत्मसात् करने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

# अनुबंध

**डेटा संग्रह योजना**

शोध का शीर्षक :-

विकासखंड सोनकच्छ जिला देवास में ऑनलाइन निष्ठा कार्यक्रमपर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों की राय का अध्ययन

अनुदेशः-

प्रदान की गई सभी जानकारी को गोपनीय रखा जाएगा और केवलशोध के उद्देश्य के लिए उपयोग किया जाएगा।

शिक्षक का नाम :-

योग्यताः-

आयुः-

पदः-

स्कूलः-

साक्षात्कार प्रश्नः-

प्र.१ निष्ठा कार्यक्रम के बारे में आप क्या जानते हैं?

प्र.२ क्या आपने निष्ठा कार्यक्रम में उल्लिखित सभीमॉड्यूल पूरे कर लिए हैं?

प्र.३ क्या आप निष्ठा कार्यक्रम को पूरा करने के बादअपनी शिक्षण सीखने की प्रक्रिया में कोई बदलाव देखतेहैं?

प्र.४ ऑनलाइन तथा आमने सामने मोड निष्ठा कार्यक्रमके दौरान आपको कौन सा प्रशिक्षण ज्यादा सहज लगता है?

प्र.५ ऑनलाइन प्रशिक्षण लेते समय मोबाइल फोन पर प्राप्तनिर्देशों को समझने में आपको कोई समस्या हुई है?

१४. क्या ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण आई.सी.टी. एकीकृत शिक्षण अधिगम परिणामों में सुधार कर रहा है?

१५. क्या ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण गतिविधि आधारित शिक्षण अधिगम सीखने के परिणामों को बढ़ाता है?

१६. क्या आपको लगता है कि ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण संस्थानोंको शिक्षण संगठन में बदलने में सहायक है ?

१७. प्रशिक्षण के दौरान आपकी अन्य कार्यों में संलग्नता, प्रशिक्षण के प्रति एकाग्रता को कम करती हैं ?

१८. क्या ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण में प्रदान की गई पाठ्यक्रम सामग्री पर्याप्त हैं?

१९. क्या ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण में प्रदान की गई पाठ्यक्रम सामग्री सीमित हैं?

२०. क्या ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण सहभागी दृष्टिकोण सक्रियता से सीखने का वातावरण बनाता है ?

२१. क्या शिक्षार्थी केंद्र शिक्षाशास्त्र पर आधारित पाठ्यक्रम मॉड्यूल दिए गए हैं?

२२. क्या आपको ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण लेते समय मोबाइल फोन पर प्राप्त निर्देशों को समझने में कोई असुविधा होती है?

२३. ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण के दौरान आपको प्रद्दत शैक्षिक सामग्री (वीडियो, पीडीएफ आदि) को समझने में असुविधा होती हैं?

२४. ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण आपको अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने में सहायक है?

**शोधकर्ता का विवरण**

नाम:- नरेंद्र अंगोरिया

पाठ्यक्रम:- एकीकृत बी.एड-एम.एड

संस्थान:- क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, एनसीईआरटी, भोपाल

संपर्क करें:- ईमेल- narendraangoria09@gmail.com

मोबाइल नंबर- 9584779672,7000167750

मार्गदर्शक:- डॉ. बी रमेश बाबू

प्रोफेसर और डीन, अनुसंधान क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, एनसीईआरटी, भोपाल